# पार्षदों के ज्ञापन के बाद महापौर ने भंग की एमआईसी

**पांच एमआईसी सदस्य, पार्षदों ने चम्बल आयुक्त को दिया था ज्ञापन**




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** नगर पालिक निगम के 5 एमआईसी सदस्यों सहित कांग्रेस, भाजपा एवं बसपा पार्षदों द्वारा लेखापाल को अयोग्य बताते हुए पद से हटाने की मांग को लेकर चंबल आयुक्त को ज्ञापन दिए जाने के कुछ देर बाद ही महापौर श्रीमती शारदा राजेन्द्र सोलंकी ने नगर निगम की एमआईसी को भंग करने के आदेश जारी कर दिए। महापौर श्रीमती सोलंकी द्वारा 16 जून को जारी किए गए आदेश में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-37(3) का उल्लेख करते हुए तत्काल प्रभाव से एमआईसी को भंग किए जाने की बात कही गई है।

**एमआईसी सदस्य, पार्षदों ने 17 जून को चंबल कमिश्नर को दिया था ज्ञापन :** नगर निगम के पांच एमआईसी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में पार्षदों ने एकजुट होकर 16 जून को चंबल कमिश्नर को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में नगर निगम में लेखापाल का दायित्व संभाल रहे दर्शनलाल डंडौतिया को अयोग्य बताते हुए उनके प्रभार को तत्काल हटाए जाने की मांग की गई थी।

**सहायक राजस्व अधिकारी दर्शनलाल को 8 अप्रैल को दिया लेखापाल का प्रभार :** एमआईसी सदस्य एवं पार्षदों ने चंबल कमिश्नर को दिए ज्ञापन में बताया है कि महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने 8 अप्रैल 2026 को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसमें तत्कालीन लेखापाल शिवराज जाटव को पद से हटाकर सहायक राजस्व अधिकारी दर्शनलाल डंडौतिया को लेखापाल का समस्त दायित्व सौंपे जाने की बात कही गई थी। महापौर द्वारा शिवराम जाटव पर पदीय कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से न किए जाने के आरोप लगाए गए थे।

**नगरीय प्रशासन आयुक्त के आदेश को दरकिनार कर दिया प्रभार :** नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के आयुक्त संकेत भोंडवे ने 6 अगस्त को प्रदेश के समस्त नगर निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र भेजा था। जिसमें लेखापाल का प्रभार यथासंभव लेखा परीक्षा उत्तीर्ण, लेखा कार्य हेतु अपेक्षित योग्यता धारित करने वाले अथवा वरिष्ठ लिपिक को दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

आदेश का पालन न होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात भी पत्र में लिखी थी।



**भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले नगर निगम के भाजपा पार्षद**

नगर निगम में लेखापाल के प्रभार को लेकर चल रहीं खींचतान के बीच नगर निगम मुरैना के भाजपा पार्षदों ने 17 जून की शाम को भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह से मुलाकात की और वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

## योग से घटाया मोटापा, सैकड़ों को मिला स्वस्थ जीवन का मंत्र

**मुरैना/जौरा, 17 जून।** भारतीय योग संस्थान मप्र प्रांत एवं मनकामेश्वर महादेव मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में कस्बा जौरा के नेहरू पार्क में आयोजित पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में जौरा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के गुर सीखे। शिविर प्रभारी डॉ. विशन गर्ग ने बताया कि पांच दिनों में कई प्रतिभागियों के वजन में कमी आई और स्वास्थ्य मानकों में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि माहेश्वरी ने कहा कि मोटापा कई गंभीर बीमारियों की जड़ है। संतुलित आहार, नियमित योग और अनुशासित दिनचर्या से स्वस्थ जीवन संभव है।

# खाकी का मानवीय चेहरा, घायल को मिला समय पर इलाज

**कैलारस एसडीओपी ने पहुंचाया अस्पताल, सैमई पर हुआ था हादसा**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 17 जून।** सैमई के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। राहगीरों और लोगों की भीड़ मौके पर मौजूद थी, लेकिन कोई भी घायल की सहायता के लिए आगे नहीं आ रहा था। इसी दौरान कैलारस-सबलगढ़ एसडीओपी उमेश मिश्रा वहां से गुजर रहे थे।

हादसे को देखकर एसडीओपी श्री मिश्रा ने अपने वाहन को रोका और वे नीचे उतरकर घायल युवक के पास पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिसके बाद उन्होंने बिना एक पल गंवाए एक निजी वाहन को रुकवाकर जख्मी युवक को उपचार के लिए सबलगढ़ अस्पताल भिजवाया। श्री मिश्रा के इस प्रयास से घायल युवक को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो गई, जिससे उनकी जान बच गई।

एसडीओपी की इस प्रयास की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि पुलिस अधिकारी का यह मानवीय चेहरा समाज के लिए प्रेरणादायक है। लोगों ने उनकी तत्परता, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे पुलिस की जनसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।



# बच्चों के हाथ चाबी, टैक्सी में किताबें, बीएसी ने मौके पर पकड़ा

**जौरा में मुफ्त वितरण की सरकारी किताबों की चोरी का प्रयास**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 17 जून।** शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को निशुल्क वितरण के लिए आई किताबों को चोरी-छिपे बेचने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। बीआरसी जौरा राजीव जादौन के निर्देश पर बीएसी रोहित श्रीवास ने मौके पर पहुंचकर टैक्सी में ले जाई जा रही किताबों को बरामद कर वापस विद्यालय में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार महाराणा प्रताप जयंती के अवकाश के दिन शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 से किताबें बाहर ले जाने की सूचना मिली थी। बीएसी मौके पर पहुंचे तो एक टैक्सी में नि:शुल्क शासकीय किताबें रखी मिलीं। टैक्सी में दो बच्चे और चालक मौजूद थे। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अवकाश के दिन बच्चों के पास विद्यालय की चाबी कैसे पहुंची और उन्हें किताबें ले जाने के लिए किसने भेजा। विभाग ने किताबों को सुरक्षित रखवा दिया है। मामले की जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

## टीईटी की तलवार से शिक्षक चिंतित, अध्यादेश लाने की मांग



**मुरैना, 17 जून।** सुप्रीम कोर्ट के टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने के निर्णय के बाद मध्यप्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के सामने सेवा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मप्र शिक्षक संघ के निवर्तमान संभागीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से राहत देने की मांग की है। पत्र में डॉ. सिकरवार ने कहा है कि 20-25 वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। लंबे अनुभव के बाद अचानक टीईटी की अनिवार्यता लागू होने से शिक्षकों में असमंजस की स्थिति है। डॉ. सिकरवार ने केंद्र सरकार से मानसून सत्र में अध्यादेश लाकर लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से ही विद्यालयों की व्यवस्था सुचारू बनी रह सकती है।

## जनकल्याण शिविरों में उमड़ा सैलाब, मिले 2263 आवेदन



**मुरैना, 17 जून।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में आयोजित जनकल्याण शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आवेदन दिए। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में जौरा, पहाड़गढ़, कैलारस और सबलगढ़ में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और लोगों की समस्याएं सुनीं। श्रम योगी मानधन योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी भरवाए गए। जौरा क्षेत्र में 59, पहाड़गढ़ में 201, कैलारस में 273 और सबलगढ़ क्षेत्र में 1730 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने आवेदनों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर में



## कृषि मंत्री कंषाना ने पौधरोपण से दिया हरित विकास का संदेश

**मुंगावली पंचायत में किया जनसंपर्क, ग्रामीणों को बताईं योजनाएं**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने ग्राम पंचायत मुंगावली पहुंचकर विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर मंत्री श्री कंषाना ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। इसके बाद समाजसेवी रामलखन यादव और केशव गौड़ का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जौरा 38 विद्युत बिल बकायादारों के काटे कनेक्शन



**मुरैना/जौरा, 17 जून।** बिजली बिलों की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जौरा में विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। सहायक यंत्री पीएस यादव और कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा के निर्देशन में वसूली टीम ने 38 बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। 17 जून को बिजली कंपनी की टीम ने कस्बा जौरा में बनिया पाड़ा, सदर बाजार, पुराना जौरा, एमएस रोड, तहसील चौराहा, चंद्रशेखर आजाद रोड सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की। इस दौरान बकायादारों से 3 लाख 50 हजार रुपये की राशि भी वसूल की गई। अभियान के दौरान 12 स्थानों पर बिजली चोरी भी पकड़ी गई। विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई में विभागीय कर्मचारी शामिल रहे।



## मृगपुरा में अवैध रूप से भंडारित 500 ट्रॉली रेत नष्ट कराया

**मुरैना, 17 जून।** चंबल नदी के रेत के उत्खनन और भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को संयुक्त टीम ने सरायछौला क्षेत्र के मृगपुरा गांव में कार्रवाई की। कार्रवाई करने मृगपुरा पहुंचीं संयुक्त टीम को वहां पर करीब 500 ट्रॉली अर्थात 1 हजार घनमीटर चंबल नदी का रेत अवैध रूप से भंडारित मिला। जिसका बाजारू मूल्य 10 लाख रूपये आंका गया। टीम ने इस भंडारित किए गए रेत को दो लोडर एवं एक जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट किए जाने की कार्रवाई की। कार्रवाई में सरायछौला थाना प्रभारी एसआई केके सिंह सहित थाने के 12 कर्मचारी, वनविभाग की रेंजर सुश्री रिंकी आर्य सहित 12 अधिकारी, कर्मचारी और एसएएफ के 22 जवान शामिल रहे।

# दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के मामलों में फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

**पहाड़गढ़ थाने में अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे आरोपी**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** पहाड़गढ़ थाने में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज दो अलग-अलग अपराधों में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ थाने में दर्ज अपराध क्रं. 77/2026 में नामजद सूरज शाक्य पुत्र नरेश शाक्य नि. भारखोह विजयपुर जिला श्योपुर घटना के बाद से ही फरार था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 17 जून को रामपुरकलां से दबोच लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की गई है। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 61/2026 में नामजद विश्राम उर्फ विशाल पुत्र बद्री खटीक निवासी ग्राम गोहरा थाना विजयपुर एवं राहुल पुत्र नारायण खटीक निवासी ग्राम सगौरिया को 17 जून को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया। आरोपी राहुल के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार, एएसआई योगेन्द्र सिंह भदौरिया, प्र.आर. राजकिशोर, शिवसिंह, आरक्षक सूर्यप्रकाश, रामेश्वर, राजेश, आरक्षक चालक रहीमुद्दीन खान शामिल थे।

## प्रशासन की देखरेख में शासकीय शिक्षक प्राइवेट कोचिंग चलाने में मस्त

**सबलगढ़, 17 जून।** वर्तमान में शासन द्वारा शासकीय विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां और शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसके लिए शासन स्तर पर कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और शासकीय धनराशि खर्च की जा रही है लेकिन विडंबना यह है कि शासकीय शिक्षक विद्यालय ही नहीं पहुंचते, पहुंचते भी हैं तो विद्यालय समय के बाद विद्यालय समय के पूर्व ही गायब हो जाते हैं और अपनी कोचिंग संस्थान में कोचिंग का संचालन करते हैं। इसकी जानकारी संबंधित प्राचार्य एवं अधिकारियों को भी है लेकिन अधिकारियों की लापरवाहपूर्ण व्यवहार के कारण शासकीय शिक्षक 10:30 बजे की बजाय 12-1 बजे तक स्कूल पहुंचते हैं और 3 बजे ही विद्यालयसे गायब हो जाते हैं इन हालातों में शासकीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम उपस्थिति कम एवं गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित होगी। गरीब तथा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भविष्य कैसे उज्जवल हो सकता है।

सबलगढ़ क्षेत्र में जो शासकीय शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में पद्ध हैं वे शिक्षक जब 11:00 तक कोचिंग का संचालन करेंगे और शाम को 4:00 बजे से कोचिंग का संचालन करेंगे तो पूरे समय विद्यालय में उपस्थित कैसे संभव है संस्था प्रधान की अनदेखी के कारण यह शिक्षक अनुशासनहीनता करते हुए कोचिंगों का संचालन कर रहे हैं जो के प्रशासनिक नियमों के एकदम विपरीत है ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे शिक्षकों पर उचित कार्यवाही करें।

## वरिष्ठ पत्रकार सत्येन्द्र तोमर के पिताजी का आकस्मिक निधन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** अंचल के वरिष्ठ पत्रकार सत्येन्द्र तोमर के पिताजी उदयवीर सिंह तोमर का मंगलवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 90 वर्ष के थे और विगत करीब एक माह से अस्वस्थ थे, जयपुर की निम्स यूनिवर्सिटी में उनका उपचार चल रहा था। जहां मंगलवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

बुधवार की सुबह उनकी पार्थिव देह मुरैना पहुंचीं। उनका अंतिम संस्कार बड़ोखर मुक्तिधाम में वैदिक रीति-रिवाजों से किया गया। मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र सत्येन्द्र ने दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण सहित समाजबंधु शामिल हुए। उनके निधन पर शहर सहित अंचल के पत्रकारों ने शोक जताते हुए संवेदनाएं व्यक्त कीं है।

**कल होगा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन :** पत्रकार सत्येन्द्र तोमर के पिताजी उदयवीर सिंह तोमर के निधन पर कल 19 जून को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। श्रद्धांजलि सभा उनके तुलसी कॉलोनी के जेल के पीछे स्थित निज निवास पर शाम 4 बजे से होगी।

## किसान समस्या : किसान कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया




**सबलगढ़, 17 जून।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह डांगस पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र बोहरे द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार रवीश सिंह भदौरिया को दिया गया। किसान कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं जैसे फार्मर आई डी अभी तक नहीं बनी है जबकि शासन द्वारा फार्मर आई डी के आधार पर ही खाद दिया जाता है किसानों की फसलों के लिए नहर से पानी नहीं मिल पाता है क्योंकि कई वर्षों से नहर के कुलाबो की सफाई नहीं हुई है जबकि सिंचाई विभाग द्वारा किसानों से पानी का टैक्स लिया जाता है किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है प्रदेश सरकार किसान विरोधी है यह सरकार पूंजीपतियों की है ज्ञापन में किसानों को बिज़ली नहीं मिल पाती है जिससे खेतों में सिंचाई समय पर नहीं हो पाती है ज्ञापन देने बालों में सुरेंद्र सिंह जादौन रामपुर उदय राज सिंह जादौन अशोक रामपुरी योगेंद्र सिंह दाऊ राजेंद्र सिंह जादौन अजय प्रताप सिंह जादौन युनुस खान ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह जादौन पार्षद सोनू फौजी ओमप्रकाश सिंह जादौन शशि केमोर माया कुशवाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरोह-2026 : निखरी खेल प्रतिभाएं, दो हजार खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

**समापन पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान, हौंसला अफजाई**




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का बुधवार को खेल स्टेडियम में समापन हुआ। 11 मई से 15 जून तक चले शिविर में दो हजार से अधिक बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण लिया।

समापन समारोह में महापौर शारदा सोलंकी, एसपी धर्मराज मीणा और सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का माध्यम हैं। शिविर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, योग सहित कई खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मुकेश के परिवार का सहारा बने राकेश रुस्तम, दिलाई राहत राशि

**पिपरसेवा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री में काम करते समय मजदूर की मौत**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 17 जून।** पिपरसेवा औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिल्वर बेकरी फैक्ट्री में बुधवार को हुए एक हादसे में मजदूर मुकेश बघेल (22) निवासी पिपरसेवा की मौत हो गई। हादसे के बाद फैक्टरी के बाहर परिजन सहित ग्रामीण पहुंच गए। परिजन के प्रबंधन पर आरोप-प्रत्यारोप के दौरान क्षेत्र के जनसेवक राकेश रुस्तम सिंह मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने प्रबंधन एवं परिजन के बीच संवाद किया। जिसके बाद प्रबंधन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के रूप में 5 लाख रूपये की राशि दिलाई।

फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। इसमें मौके पर 50 हजार रुपये नकद तथा साढ़े चार लाख रुपये का चेक दिया गया। साथ ही परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने और बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरी कर पूरी राशि दिलाने का लिखित आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान रिठौरा थाना प्रभारी एसआई संतोषबाबू गौतम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर पिपरसेवा सरपंचख टीकरी सरपंच परमाल कुशवाह, दिनेश गुर्जर, सुल्तान सिंह गुर्जर, रिंकू कुशवाह, महेन्द्र बघेल, संजय बघेल, रामबरन कुशवाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मार्ग की मरम्मत एवं मार्ग निर्माण की मांग

**भैंसदेही।** ग्राम नवापुर ढाना एवं कॉलेज पहुंच मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जनपद सीईओ झलकन अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत नवापुर के अंतर्गत आने कॉलेज कॉलोनी वार्ड एवं नवापुर से कॉलेज़ पहुंच मार्ग की हालत जर्जर हो चुकी हैं। पहुंच मार्ग पर बड़े गढढे हो चुके है। जिससे विद्यार्थियों, कालेज स्टॉफ, ग्रामीणों एवं वार्डवासियों को आने जाने एवं वाहनो को चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिनों उक्त मार्ग पर कई बार मोटर साईकिल चालक दुर्घटना के शिकार हो चुके है। वर्तमान में भी आने-जाने में दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। पैदल यात्रियों को भी रोड पर बने गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क निर्माण से संबंधित सूचना पंचायत विभाग को भी कई बार दी जा चुकी है। किंतू आज तक पंचायत विभाग द्वारा इस संबंध में कोई कार्यवाही नही की गई।

**आम सूचना**

श्री कमलेश पुत्र श्री केदार सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. ए-70 का भाग एवं ए-69 (सम्पूर्ण), स्थित बौद्ध विहार कॉलोनी, उत्तमपुरा, ग्राम बड़ोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र. 03 कबीर वार्ड (काशीपुरा मजरा के पास) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.27 ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 945 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूखण्ड क्र.ए-70 का भाग श्री मोहन जोनवार, उत्तर में-भूखण्ड क्र.ए-68 भूमिस्वामी एवं दक्षिण में-रास्ता 25 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामलाल, श्री सीताराम पुत्रगण श्री मंगल सिंह, श्री श्रीकृष्ण, श्री अशोक कुमार, श्री रामसेवक, श्री गिर्राज पुत्रगण श्री राधाचरण, रामकली एवं पुष्पा पुत्रियां श्री राधाचरण के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामसेवक द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कमलेश पुत्र श्री केदार सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक एमपी27आईजीआर 17912026ए100181078 दिनांक 13.02.2026 से विक्रय की गई। श्री कमलेश द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)**
**कार्या.-भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**